CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 270 रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## खतरनाक रफ्तार से बढ़ रहा चक्रवात 'दाना'

### 4 राज्यों में मचा सकता है तबाही, 4 सौ ट्रेनें रद्द



**नई दिल्ली,** 23 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। बंगोप सागर में बना गहरे दबाव का क्षेत्र बुधवार सुबह तक चक्रवात दाना के रूप में तब्दील हो गया है। चक्रवात में तब्दील होने के बाद यह 18 किलोमीटर की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। पारादीप राडार इमेज से चक्रवात की चित्र सामने आई है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि दाना चक्रवात 4 राज्यों में तबाही मचा सकता है। इस चक्रवात के मद्देनजर रेलवे ने 4 सौ ट्रेनें रद्द कर दी है।

चक्रवात का ज्यादा असर उड़ीसा राज्य में देखने को मिल सकता है। भुवनेश्वर मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक यह चक्रवात पारादीप से 560 किमी. और सागरद्वीप से 630 किमी. दूरी पर है। इसकी पहली झलक सामने आ चुकी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुवार 24 अक्टूबर की रात तक यह भीषण चक्रवात का रूप धारण कर लेगा। इसके बाद यह 24 अक्टूबर को ही 25 अक्टूबर की तड़ने सुबह ओडिशा के पुरी और पश्चिम बंगाल के सागरद्वीप के बीच लैंडफॉल कर सकता है। इस दौरान हवा की गति 100 से 120 किमी. प्रति घंटा होगी। चक्रवात के प्रभाव से 7 जिले में 24 और 25 अक्टूबर को भारी वर्षा होने का अनुमान है। इसको लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि चक्रवात के असर से समुद्र अशांत हो गया है। ऐसे में गोपालपुर, पारादीप और धामरा बंदरगाह में एक नंबर खतरे का निशान जारी कर दिया गया है।

**7 जिलों में रेड अलर्ट**

- 25 अक्टूबर को सुबह पुरी से सागर द्वीप के बीच स्थल भाग से टकराने की उम्मीद
- तेजी से बढ़ रहा दाना, हवा की गति रहेगी 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटा

#### भारतीय वायु सेना ने राहत सामग्री पहुंचाई, एनडीआरएफ की टीम भी मौजूद

भीषण चक्रवाती तूफान दाना बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ रहा है। चक्रवात के इस रुख से ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर मुसीबतों का पहाड़ टुट पड़ा है। सरकार ने इस चक्रवाती तूफान से निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। इसके तहत भारतीय वायुसेना के दो विमान बुधवार 23 अक्टूबर को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के 150 कर्मियों और राहत सामग्री के साथ भुवनेश्वर पहुंचे है। यह जानकारी वायुसेना के एक अधिकारी ने दी है। एनडीआरएफ कर्मचारियों और राहत सामग्री के साथ आईएल 76, एएन 32 विमान भटिंडा भुवनेश्वर पहुंचा है।

#### मछुआरों की नाव पलटी

ओडिशा संभावित चक्रवात दाना से निपटने की तैयारी कर रहा है। समुद्र में मछली पकड़ने गए मछुआरों को वापस लौटने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में मछुआरे समुद्र वापस लौट रहे हैं।

## नहर में पलटी स्कूल बस, ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित निकाला



सक्ती, 23 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। ड्राइवर की लापरवाही से बच्चों से भरी स्कूल बस नहर में पलटी गई. स्कूल बस में करीब 18 बच्चे सवार थे. गनीमत रही कि ग्रामीणों की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया. पुलिस ने मामले में ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है.

घटना हसौद थाना क्षेत्र के पिसौद की है. हसौद के निजी स्कूल हैपी पब्लिक स्कूल के बच्चे को स्कूल बस चालक शॉर्ट कर्ट के चक्कर में नदी में बने एनीकट (छोटा पुल) से गाड़ी ले जा रहा था. इस दौरान पिसौद के पास ड्राइवर की लापरवाही से बस नहर में जा गिरी.

बस को नदी में गिरता देख आस-पास नहा रहे लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया. एक बच्चे को थोड़ी चोट आई है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है. घटना की जानकारी मिलते ही बच्चों के परिजनों के साथ लोग भी मौके की ओर दौड़ पड़े. सभी बच्चों के सुरक्षित होने पर सभी ने राहत की सांस ली.

## ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, 2 की मौत



**बिलासपुर,** 23 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिले के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के फदहाखार मोड़ पर एक आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया. मोड़ पर सामने से आरही ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे उसपर सवार दो गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान ही दोनों ने दम तोड़ दिया.

मिली जानकारी के अनुसार, नयापारा कृतिनगर निवासी अशोक साहू अपने पड़ोसी निजाम अंसारी के साथ किसी काम से निकले थे, इसी दौरान सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के फदहाखार मोड़ पर सामने से आ रही ट्रक ने उनकी एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी और इस हादसे में उनकी मौत हो गई. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच में जुट गई है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### बिना बताए घर से नहीं निकलेगा सलमान खान का कोई भी रिश्तेदार, पूरा परिवार पुलिस निगरानी में



**नई दिल्ली,** 23 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मुंबई में दशकों से बंद पड़े अंडरवर्ल्ड के गैंगवार की आहट मिलते ही शहर की पुलिस ने एक पूरी की पूरी खास यूनिट इससे निपटने के लिए तैयार कर दी है। प्रोटेक्शन ब्रांच नामक मुंबई पुलिस की इस यूनिट में शहर के अलग अलग क्षेत्रों में कार्यरत 150 पुलिस अफसरों व कर्मचारियों को इकट्ठा किया गया है। इस प्रोटेक्शन यूनिट की निगरानी में अब सलमान खान का पूरा परिवार है। परिवार के हर सदस्य को खास निर्देश दिए गए हैं कि इस यूनिट को बिना बताए घर को कोई भी सदस्य बाहर कदम नहीं रखेगा।

### महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे को लेकर गतिरोध टूटा

**नई दिल्ली,** 23 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए अपने सीट-बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। हाल के लोकसभा चुनावों में उनके प्रदर्शन को देखते हुए कथित तौर पर कांग्रेस सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। प्रस्तावित समझौते के अनुसार, कांग्रेस 104 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को 96 सीटें आवंटित की गई हैं, और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) 88 निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारेगी। समाजवादी पार्टी (एसपी) और किसान और श्रमिक पार्टी (पीडब्ल्यूपी) जैसे अन्य सहयोगियों को उपर्युक्त संख्याओं में से चुनाव लड़ने के लिए सीटें दी जाएंगी। विदर्भ क्षेत्र की कुछ सीटों को लेकर कुछ असहमति थी, लेकिन उन पर भी आम सहमति बन गई है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस नागपुर पश्चिम, कामठी, गोंदिया और भंडारा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। शिवसेना (यूबीटी) को इस क्षेत्र में वाणी और रामटेक सहित कुल 11 सीटें आवंटित की गई हैं,

## रवि मित्तल जनसंपर्क विभाग के नए आयुक्त

### मयंक श्रीवास्तव को हटाया गया, तीन जिलों के कलेक्टर भी बदले गए

**10 आईएएस के प्रभार बदले गए**



**रायपुर, 23 अक्टूबर (हाईवे चैनल)।** राज्य शासन ने मंगलवार को प्रदेश की प्रशासनिक मशीनरी में बड़ा बदलाव किया है। जनसंपर्क विभाग में पदस्थ आयुक्त मयंक श्रीवास्तव को हटा दिया गया है उनके स्थान पर आईएएस रवि मित्तल को विभाग का नया आयुक्त बनाया गया है। सूरजपुर, जशपुर और मोहला-मानपुर के कलेक्टर भी बदल दिए गए हैं। राज्य सरकार ने नीतिगत फैसला लेते हुए बड़ी प्रशासनीय सर्जरी की गई है। कवर्धा के लोहारीडीह कांड के बाद कलेक्टर पद से हटाए गए जनमेजय महोबे पर सरकार ने भरोसा जताते हुए नान के एमडी के बाद महिला-बाल विकास के डायरेक्टर का प्रभार भी सौंपा है। जारी सूची के मुताबिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एमडी आईएएस जगदीश सोनकर को शासन ने उपसचिव के रूप में मंत्रालय में बुलवा लिया है। उनका एमडी का प्रभार विजय दयाराम के. को सौंपा गया है। इसी तरह, सूरजपुर के कलेक्टर रोहित व्यास को हटाकर जशपुर का कलेक्टर बनाया गया है। सूरजपुर कलेक्टर के तौर पर एस जयवर्धन को भेजा गया है। जयवर्धन मोहला-मानपुर कलेक्टर थे, उनकी जगह तूलिका प्रजापति को पदस्थ किया गया है। इस फेरबदल में 10 आईएएस प्रभावित हुए हैं।

## वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने रवाना हुईं प्रियंका, रोड शो में राहुल गांधी भी साथ



**नई दिल्ली,** 23 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन का पर्चा भरा। इस दौरान उसके साथ स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। पर्चा भरने के बाद उन्होंने एक रोड-शो किया। इस रोड-शो में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी में मौजूद हैं। बता दें कि वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए जहां कांग्रेस ने प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनावी मैदान में उतारा है तो वहीं भाजपा ने नव्या हरिदास को उम्मीदवार बनाया। नव्या ने पहले ही कांग्रेस को कड़े मुकाबले की चुनौती दे चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि आगामी उपचुनाव में प्रियंका गांधी को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

प्रियंका गांधी के नामांकन पर कांग्रेस सांसद जेबी माथेर ने कहा, आप जो ऊर्जा यहां देख रहे हैं, यह कुछ ऐसा है, जिसका हम सभी इंतजार कर रहे थे। हम चाहते थे कि प्रियंका गांधी किसी भी सीट से चुनाव लड़े, लेकिन हमने कभी ऐसा नहीं सोचा था कि किस्मत हमारे पास चलकर आएगी। हम सभी उत्साहित हैं। हर तरफ उत्साह है। यह वायनाड और केरल के लिए दोहरा सौभाग्य है, क्योंकि इसे अब स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा- प्रियंका गांधी वाड्रा, लोकसभा की सदस्य, वायनाड, केरल। हाल ही में भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव को लेकर मीडिया से बात की थी। उन्होंने कहा, मेरी प्रतिद्वंद्वी प्रियंका गांधी हैं। मैं केवल इतना कहना चाहूंगी कि वायनाड में कांग्रेस को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राहुल गांधी ने रायबरेली की सीट बरकरार रखने के लिए वायनाड की सीट छोड़ दी थी। जब वायनाड के लोगों

## नवम्बर में 9 दिन रहेंगे बैंक बंद

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। दिवाली की धूम 30 और 31 अक्टूबर को मनेगी, लेकिन नवंबर में भी त्योहारों की लंबी फेहरिस्त रहेगी। इस दौरान गोवर्धन, भाई दूज, और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों के अवसर पर विभिन्न राज्यों में बैंकों की छुट्टियां रहेंगी। अगर आपका कोई बैंक से जुड़ा काम है, तो यह जानना जरूरी है कि नवंबर 2024 में किस दिन बैंक बंद रहेंगे।

नवंबर 2024 में बैंकों की छुट्टियां- 1 नवंबर 2024 (शुक्रवार) - दिवाली के उपलक्ष्य में बैंकों की छुट्टी, 2 नवंबर 2024 (शनिवार) - दिवाली की अतिरिक्त छुट्टी, 3 नवंबर 2024 (रविवार) - भाई दूज के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे, 9 नवंबर 2024 (शनिवार) - दूसरा शनिवार, बैंक बंद, 10 नवंबर 2024 (रविवार) - साप्ताहिक अवकाश, 15 नवंबर 2024 (शुक्रवार)- गुरु नानक जयंती पर बैंकों की छुट्टी, 17 नवंबर 2024 (रविवार) साप्ताहिक अवकाश, 23 नवंबर 2024 (शनिवार) - चौथा शनिवार, बैंक बंद, 24 नवंबर 2024 (रविवार) - साप्ताहिक अवकाश, छठ पर्व पर बैंक बंद रहेंगे। छठ पर्व के अवसर पर भी बैंकों की छुट्टियां रहेंगी, लेकिन यह छुट्टी सभी राज्यों में नहीं होगी।

## घर में घुस कर डीआरजी जवान के भाई पर जानलेवा हमला

**दंतेवाड़ा,** 23 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिले के हिरोली गांव में छत्रन्न जवान के भाई पर अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया. हमलावरों ने जवान के घर में घुसकर उनके भाई पर धारदार हथियार से कई वार किए. इस घातक घटना के दौरान हमलावरों ने लाल सलाम के नारे लगाए, जिससे नक्सलियों की संलिप्तता की संभावना बढ़ गई है. इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार देर रात डीआरजी जवान के घर अज्ञात हमलावर घुस गए और उनके भाई लक्ष्मण कुंजाम पर धारदार हथियार से से कई वार किए. बेरहमी से घायल करने के बाद आरोपी लक्ष्मण को मृत समझकर वहां से फरार हो गए. घटना के दौरान हमलावरों ने लाल सलाम के नारे भी लगाए, जो नक्सल गतिविधियों की आशंका को बढ़ाते हैं. घटना के बाद परिजनों ने लक्ष्मण को तुरंत किरंदुल अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल रेफर किया गया. फिलहाल उसकी हालात गंभीर बनी हुई है. वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों ने बताया कि जांच नक्सल गतिविधियों और व्यक्तिगत रंजिश दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है.

## आरक्षण की बाट जोह रहे निगम चुनाव के दावेदार




**पिछले बार सितंबर में हो गया था**

**देरी होने का सबसे बड़ा कारण ओबीसी सर्वे**

**रायपुर,** 23 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जहां मतदाता सूची में नाम जोड़ने व काटने का काम अभी चल रहा है दावा आपत्ति के लिए भी समय बढ़ा दिया गया है अब 30 सितंबर तक लोग नाम जुड़वा सकते हैं या दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं लेकिन दावेदार अभी भी आरक्षण को लेकर बाट जोह रहे हैं बिना आरक्षण के दावेदार तैयारी में पूरी तरह से नहीं जुट पा रहे हैं ऐसे में उनके पास एक तरफ जहां आरक्षण के बाद चुनावी तैयारी के लिए समय कम रहेगा वहीं वार्ड का आरक्षण इधर-उधर होने से उन्हें दूसरी सीट से जीतने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है महापौर व अध्यक्ष चुनाव के लिए भी अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है कि चुनाव प्रत्यक्ष होगा या अप्रत्यक्ष अभी तक इसमें फैसला नहीं आ पाया है.

प्रदेश में मात्र एक सीट रायपुर दक्षिण में उपचुनाव हो रहे हैं ऐसे में प्रदेश के पूरे नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की तैयारी कहीं ना कहीं ठंडा नजर आ रहा है एक उपचुनाव के लिए यह दोनों चुनाव देरी होते नजर आ रहे हैं नगरीय निकाय चुनाव के लिए जहां आरक्षण की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं की गई है वहीं मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के डेट में एक बार फिर बढ़ोतरी हो गई है कई नगरीय निकाय ऐसे हैं जिनके कार्यकाल दिसंबर से जनवरी में खत्म हो रहे हैं इनमें जनवरी से पहले चुनाव कराने की आवश्यकता साफ तौर पर नजर आती है लेकिन जिस तरह से कछुए चाल में तैयारी चल रही है ऐसा प्रतीत नहीं होता कि सही समय में नगरीय निकाय के चुनाव कराए जा सकेंगे आरक्षण में सबसे बड़ा रोडा जो इस बार बना है वह है ओबीसी सर्वे बिना तैयारी के शासन द्वारा ओबीसी का सर्वे कराया गया जिसमें विभिन्न दिक्कतें उत्पन्न होने के कारण ओबीसी का सर्वे सही समय में पूर्ण नहीं हो पाया सर्वे सही समय में नहीं हो पाने के कारण निश्चित तौर पर आरक्षण की प्रक्रिया लगातार लटकी हुई है अभी तक ओबीसी सर्वे की रिपोर्ट सरकार को नहीं सौपा जा सका है जिसकी वजह से आरक्षण नहीं हो पाया है रिपोर्ट सौपने के बाद ही आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है आपको बता दें कि पिछले बार सितंबर के महीने में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी इस बार अक्टूबर का महीना निकलने को है और अभी तक आरक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नवंबर के दूसरे सप्ताह के बाद ही आरक्षण किया जा सकेगा आरक्षण में देरी होने की वजह से जहां नगरीय निकाय चुनाव के लिए तैयारी कर रहे दावेदार बाट जोह रहे हैं वहीं उनकी तैयारी में इसका असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है बिना आरक्षण के दावेदार खुलकर किसी भी वार्ड में तैयारी नहीं कर पा रहे हैं तो वहीं महापौर और अध्यक्ष पद के दावेदार भी तैयारी करने में कहीं ना कहीं पिछड़ते जा रहे हैं आरक्षण नहीं होने की वजह से खुलकर दावेदार अपनी तैयारी सामने नहीं ला पा रहे है आरक्षण में लेट लतीफी का नुकसान सीधे तौर पर दावेदारों को उठाना पड़ेगा क्योंकि आरक्षण में देरी की वजह से उनके पास तैयारी के लिए समय नहीं रह पाएगा और विभिन्न ऐसे दावेदार हैं जिन्हें आरक्षण के बाद वार्डों में चुनाव लड़ने के लिए बदलाव भी करने पड़ सकते हैं.

## बिरादरी की बातें



**चूहा- सुनती हो, रायपुर दक्षिण उपचुनाव में कांग्रेस ने आकाश शर्मा को टिकट दे दी है।**

**चुहिया- हां जी, कांग्रेस तो कह ही रही थी कि आकाश को हम धरती पर उतार देंगे...!**

CMYK